




# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

अगस्त/2025

*अन्दर के पृष्ठों पर.......*

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## सन्देश



यह हर्ष का विषय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो के न्यूज़ लेटर का पुनः प्रकाशन एक बार फिर प्रारम्भ किया जा रहा है। यह न्यूज़ लेटर हमारे शासकीय/विभागीय कार्यों, उपलब्धियों, तकनीकी नवाचारों, प्रशिक्षण गतिविधियों, सराहनीय कार्यों एवं अद्यावधिक आदेशों/निर्देशों/सूचनाओं के सम्प्रेषण का एक सशक्त माध्यम रहा है, जो सभी कार्मिकों को आपस में जोड़ने, कर्तव्य के प्रति प्रेरित करने और अद्यावधिक जानकारी उपलब्ध कराते हुए उन्हें अद्यतन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

यह पहल विभाग के प्रत्येक सदस्य के प्रयास, योगदान और समर्पण को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है। मुझे विश्वास है कि यह न्यूज़ लेटर न केवल विभागीय कार्यसंस्कृति को मजबूती देगा, बल्कि ज्ञान, अनुभव और तकनीकी को साझा करने का अवसर भी प्रदान करेगा।

मैं समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह करता हूँ कि वे इसमें सक्रिय सहभागिता करें। अपनी कार्यक्षमता एवं दक्षता से कर्तव्य के अप्रतिम मानदण्ड स्थापित करते हुए अनुभव साझा करें। तकनीकी प्रयासों के सार्थक परिणाम, केस स्टडी, फील्ड से जुड़ी रोचक जानकारियाँ या विभाग से सम्बन्धित किसी भी सकारात्मक गतिविधि को साझा करें। आपकी सहभागिता ही इस प्रकाशन को जीवंत बनाएगी और इसे एक "उपयोगी और सार्थक साझा मंच" में परिवर्तित करेगी।

आइए, हम सभी मिलकर इस नवप्रयास को सफल बनाएं और उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो की पहचान को और अधिक सशक्त और सृजनशील बनाएं।

आशुतोष पाण्डेय्
पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार,
उ0प्र0

## सराहनीय कार्य

- निम्न महानुभावों के भ्रमण हेतु फ्लीट एवं अन्य स्थलों से निर्बाध संचालन हेतु आधुनिक तकनीकी के डिजिटल वायरलेस सेट्स का अधिष्ठापन, ग्रिड अनुशासन का पालन करते हुए एवं अन्य केन्द्रों से भी इसका पालन कराते हुए रीयल टाइम में सूचनाओं का त्वरित एवं स्पष्टतापूर्वक प्रेषण करते हुए प्रत्येक गतिविधि को प्रारम्भ से अन्त तक पूर्ण जिम्मेदारी एवं दक्षता से कुशलतापूर्वक निष्पादित किया गया-

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| माननीय उप राष्ट्रपति, भारत गणराज्य | |
| 01.07.2025 | गोरखपुर |
| माननीय राज्यपाल, उ0प्र0 | |
| 07.07.2025 | अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर |
| 09.07.2025 | बाराबंकी, अयोध्या |
| 30.07.2025 | कन्नौज, आगरा |
| माननीय मुख्यमंत्री, उ0प्र0 | |
| 11.07.2025 | गोरखपुर, गोण्डा, अयोध्या |
| 17.07.2025 | वाराणसी, चन्दौली |
| 19.07.2025 | गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, मेरठ |
| 23.07.2025 | गोरखपुर |
| 24.07.2025 | गोरखपुर |
| 26.07.2025 | उन्नाव |
| 29.07.2025 | वाराणसी, गोरखपुर |
| 31.07.2025 | चित्रकूट, प्रयागराज |

## सम्मान

- जनपद मेरठ, दिनांक 24.07.2025: पुलिस उपमहानिरीक्षक, मेरठ परिक्षेत्र, मेरठ, श्री कलानिधि नैथानी द्वारा परिक्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजीव त्यागी, प्रधान परिचालक/5477, श्री भूपेन्द्र कुमार एवं प्रधान परिचालक/5621, श्री अरविन्द कुमार को श्रावण माह शिवरात्रि यात्रा-2025 में प्रदर्शित उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।



## संचार स्थापना

- जनपद बुलन्दशहर, दिनांक 27.07.2025: कांवड मेला-2025 में 03 सब-कण्ट्रोल, 37 अदद स्टैटिक/मोबाइल सेट एवं 112 अदद हैण्डहैल्ड सेटों को वितरित कराकर मेले को सकुशल सम्पन्न कराया गया।
- जनपद बागपत, दिनांक 26.07.2025: श्रावण कांवड यात्रा-2025 के दौरान पुरामहादेव मेला में कण्ट्रोल रूम व 04 सब-कण्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी। 26 अदद स्टैटिक/ मोबाइल सेट एवं 82 अदद हैण्डहैल्ड सेटों का वितरण कराया गया। साथ ही 26 रेडियो स्टाफ की ड्यूटी लगाकर मेले को सकुशल सम्पन्न कराया गया। पुलिस रेडियो द्वारा कृत कार्यों की पुलिस अधीक्षक, बागपत द्वारा सराहना की गयी।
- पुलिस महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0 के पत्र संख्याः एफ-391/ 2025(बाढ़) दिनांक 13.05.2025 द्वारा वर्ष 2025 में अधिष्ठापित कराये जाने वाले 113 बाढ़ बेतार केन्द्र को दिनांक 01.06.2025 से पूर्व अधिष्ठापित कराये जाने के सम्बन्ध में जनपदीय पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को अपने स्तर से आवश्यक कार्यवाही कराये जाने हेतु समस्त महानिरीक्षक/ उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र (प्रयागराज/कानपुर को छोड़कर) से अनुरोध किया गया। प्रदेश के समस्त बाढ़ बेतार केन्द्रों की सूची निम्न लिंक को ओपन कर देखी जा सकती है- https://drive.google.com/ le/d/1inO6pM_EVoPvPGXMrBQzIfWgFytaitYU/view?usp=sharing

## पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के ज्ञाप संख्याः सीए/डीजी-1/2025 दिनांक 01.07.2025 द्वारा उत्तर प्रदेश शासन, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक को प्रेषित किये जाने वाले समस्त पत्र, अधोहस्ताक्षरी के हस्ताक्षर से प्रेषित किये जाने, मुख्यालय से प्रदेश स्तर पर निर्गत किये जाने वाले समस्त प्रकार के आदेश-निर्देश अधोहस्ताक्षरी से अनुमोदनोपरान्त एवं मुख्यालय की समस्त शाखाओं से व्यवहरित की जाने वाली सभी पत्रवलियाँ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष अवलोकनार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी, रेडियो संवर्ग को निर्देशित किया गया।
- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के ज्ञाप संख्याः सीए/डीजी-1/2025 दिनांक 02.07.2025 द्वारा आर0टी0 संचार में "हमारी आवाज ही हमारी पहचान है" की महत्ता के दृष्टिगत इस विधा एवं प्रतिभा को और अधिक निखारने एवं स्थापित करने हेतु सम्बन्धित कार्मिकों को जनपदीय स्तर पर प्रशिक्षित एवं प्रेरित करने, प्रमुख अवसरों पर ड्यूटीरत आर0टी0 परिचालकों की रियल टाइम रिकार्डिंग कराकर मुख्यालय भेजे जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया जिससे श्रेष्ठ कार्मिकों को सम्मानित किया जा सके।
- पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 के आदेश संख्याः सीए/डीजी-1/2025 दिनांक 04.07.2025 द्वारा भविष्य में शासन, मुख्यालय पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस मुख्यालय से किये जाने वाले समस्त पत्रचार ई-आफिस के माध्यम से ही किये/कराये जाने हेतु समस्त राजपत्रित अधिकारी, रेडियो संवर्ग को निर्देशित किया गया।

## विभिन्न प्रयोजनों/अवसरों पर मुख्यालय स्तर से उपलब्ध कराये गये संसाधन/रेडियो स्टाफ

| क्र0 | जोन/जनपद | आदेश संख्या | प्रयोजन | उपलब्ध कराये गये संसाधन/रेडियो स्टाफ | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | हैण्डहैल्ड सेट | डिजिटल रिपीटर सेट | 12 वोल्ट हैवी ड्यूटी बैट्री | रेडियो स्टाफ |
| 1 | बरेली जोन | एफ-254/2025 दिनांक 28.06.2025 | कांवड़ मेला | 0 | 0 | 0 | 40 |
| 2 | मेरठ जोन | एफ-254/2025 दिनांक 28.06.2025 | कांवड़ मेला | 171 | 05 | 32 | 137 |
| 3 | मथुरा | एआरओएम-201/4/2025 दिनांक 24.06.2025 | राजकीय मेला मुड़िया पूर्णिमा | 0 | 0 | 25 | 32 |
| 4 | अयोध्या | एआरओएम-207/1/2025 दिनांक 15.07.2025 | सावन झूला मेला | 20 | 0 | 0 | 0 |
| 5 | ललितपुर | एआरओएम-7(बैट्स)/2025 दिनांक 14.07.2025 | बाढ़ केन्द्र | 0 | 0 | 20 | 0 |

## लोक लेखा समिति 2024-25 की बैठक

- भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रत्यावेदन के विभिन्न प्रस्तरों पर लोक लेखा समिति 2024-25 की बैठक दिनांक 26.11.2024 में विचार-विमर्श के उपरान्त उ0प्र0 पुलिस रेडियो से सम्बन्धित कतिपय प्रस्तर लम्बित रखे गये थे। उक्त लम्बित प्रस्तरों पर लोक लेखा समिति की समीक्षात्मक बैठक दिनांक 02.07.2025 से पूर्व पुलिस मुख्यालय एवं शासन द्वारा आयोजित गोष्ठियों हेतु अभिलेखों की माँग की गयी। प्रश्नगत अभिलेख तैयार कराने का कठिन एवं श्रम साध्य रेडियो मुख्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा पूर्ण रुचि, मनोयोग एवं तन्मयता से किया गया जिसके परिणामस्वरूप दिनांक 02.07.2025 को सभी प्रस्तरों पर आख्या लोक लेखा समिति द्वारा स्वीकार की गयी। उक्तानुसार कर्तव्य के प्रति प्रदर्शित निष्ठा, लगन व संवेदनशीलता की भूरि-भूरि प्रशंसा पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा करते हुए राजपत्रित अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं अराजपत्रित कार्मिकों को नगद पुरस्कार प्रदान किये गये।

## पदोन्नति

- उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, मुख्यालय के आदेश संख्या: पी-124/2024 दिनांक 01.07.2025 द्वारा निम्नलिखित प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक (यांत्रिक) को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है- 1. 4269/श्री खेमराज वर्मा, महोबा, 2. 4175/श्री सतीश कुमार, केन्द्रीय भण्डार, रेडियो मुख्यालय, 3. 4213/श्री राकेश कुमार, झांसी, 4. 4127/श्री जय शंकर, प्रयागराज एवं 6. 4216/श्री सुरेश चन्द्र, हमीरपुर।
- उपमहानिरीक्षक, पुलिस दूरसंचार, मुख्यालय के आदेश संख्या: पी-124/2024 दिनांक 01.07.2025 द्वारा प्रधान परिचालक/ 4245, श्री अखिलेश यादव, मऊ को रेडियो उपनिरीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्रदान की गयी।

## प्रशिक्षण

- माह जुलाई में श्री संतोष कुमार दुबे, रेडियो उपनिरीक्षक, नियुक्ति-यूपी 112 को, आर0पी0डब्ल्यू0टी0आई0, चंढ़ीगढ़ से दिनांक 07.07.2025 से 11.07.2025 तक 05 दिवसीय "सेटेलाइट कम्यूनिकेशन एंड पोलनेट-2.0" प्रशिक्षण प्रदान कराया गया।

## चिकित्सा प्रतिपूर्ति भुगतान

- माह जून एवं जुलाई 2025 में निम्नानुसार कार्मिकों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति प्रकरणों के भुगतान की कार्यवाही पूर्ण करायी गयी-

| कार्मिक | | निस्तारित प्रकरणों की संख्या | प्रकरणों की धनराशि |
|---|---|---|---|
| राजपत्रित | सेवारत | 11 | 6,09,686.00 |
| | सेवानिवृत्त | 90 | 13,46,005.00 |
| योग | | 101 | 19,55,691.00 |
| अराजपत्रित | सेवारत | 204 | 31,19,322.00 |
| | सेवानिवृत्त | 195 | 54,68,673.00 |
| योग | | 399 | 85,87,995.00 |
| महायोग | | 500 | 1,05,43,686.00 |

## वेतनवृद्धि/एसीपी

- माह जुलाई-2025 में निम्नानुसार वेतन वृद्धि/एसीपी स्वीकृत की गयीं-

| पदनाम | वेतनवृद्धि | एसीपी |
|---|---|---|
| राजपत्रित अधिकारी | 24 | 02(पदोन्नति) |
| रेडियो निरीक्षक | 39 | - |
| रेडियो उपनिरीक्षक | 24 | - |
| प्रधान परिचालक-प्रथम | 78 | - |
| प्रधान परिचालक-द्वितीय | 226 | - |
| सहायक परिचालक | 29 | - |
| कर्मशाला कर्मचारी | 36 | - |
| संदेशवाहक/ओपी | 68 | - |

## सेवानिवृत्ति

- माह जुलाई-2025 में निम्न 12 राजपत्रित/ अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारीगण सेवानिवृत्त हुए हैं- 1. श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, सहायक रेडियो अधिकारी, कानपुर नगर, 2. श्री दिग्विजय सिंह, रेडियो निरीक्षक, हरदोई, 3. श्री अब्दुल सलाम, रेडियो उपनिरीक्षक, अलीगढ, 4. श्री राकेश कुमार, रेडियो उपनिरीक्षक, हरदोई, 5. श्री राजेश वर्मा, रेडियो उपनिरीक्षक, बागपत, 6. श्री पारस नाथ शर्मा, रेडियो उपनिरीक्षक, 26वीं वाहिनी पीएसी, 7. श्री उपेन्द्र कुमार सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक, लखनऊ, 8. श्री सत्यपाल सिंह, रेडियो उपनिरीक्षक, मुजफ्फरनगर, 9. श्री जय शंकर शुक्ला, रेडियो उपनिरीक्षक, लखनऊ, 10. श्री रमेश प्रताप सिंह, प्रधान परिचालक, अम्बेडकर नगर, 11. श्री राम सेवक त्रिपाठी, प्रधान परिचालक, प्रयागराज, 12. श्री विनोद कुमार त्रिपाठी, कर्मशाला कर्मचारी, हरदोई, 13. श्री ब्रजवासी राय, संदेशवाहक, गोरखपुर एवं 14. श्री प्रेम कुमार सक्सेना, संदेशवाहक, प्रयागराज।




## स्टाफ का संचरण


- महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0 के रेडियोग्राम संख्या: एफ-254/2025 दिनांक 09.07.2025 द्वारा श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2025 के दौरान सुचारू संचार व्यवस्था स्थापित कराये जाने के दृष्टिगत जनपद मुजफ्फरनगर की मांग के अनुरूप रेडियो मुख्यालय से कुल 44 रेडियो कार्मिक (रेडियो उपनिरीक्षक-10, प्रधान परिचालक यांत्रिक-04 एवं प्रधान परिचालक-11 तथा शेष 19 रेडियो स्टाफ को राज्य रेडियो अधिकारी, लखनऊ जोन द्वारा अपने पर्यवेक्षणाधीन जनपदों से) उपलब्ध कराये गये हैं।

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

## 1494 सहायक परिचालकों एवं कर्मशाला कर्मचारियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह दिनांक 03.08.2025

- मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0, श्री योगी आदित्य नाथ द्वारा दिनांक 03 .08 .2025 को इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो विभाग में नव-चयनित सहायक परिचालकों एवं कर्मशाला कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये। कार्यक्रम में मा0 मंत्री, वित्त एवं संसदीय कार्य, उत्तर प्रदेश, श्री सुरेश कुमार खन्ना, पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, श्री राजीव कृष्ण, प्रमुख सचिव (गृह), श्री संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, श्री आशुतोष पाण्डेय् एवं अन्य उ0प्र0 पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, महानुभाव, अतिथिगण भी उपस्थित रहे।




- नीचे दिये गये लिंक को ओपेन कर नियुक्ति पत्र वितरण सम्बन्धी वीडियो को देखा जा सकता है-

https://x.com/Uppolice/status/1952051901186347017

# पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के ट्वीटर संदेश



DGP UP
@dgpup

उत्तर प्रदेश पुलिस दूरसंचार विभाग के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में सम्मिलित होकर गर्व की अनुभूति हुई।
यह दूरसंचार विभाग की अब तक की सबसे बड़ी भर्ती प्रक्रिया है — पारदर्शिता, योग्यता और मेहनत की विजय।

माननीय मुख्यमंत्री जी, के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में सम्पन्न होने वाली सभी भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और शुचिता के साथ सम्पन्न हुई हैं।

एक पारदर्शी एवं मेरिट आधारित भर्ती प्रक्रिया, एक सक्षम, उत्तरदायी और जनविश्वास से परिपूर्ण पुलिस व्यवस्था की आधारशिला है।

#MeritMatters #UPPolice #TelecomRecruitment #YouthEmpowerment
Translate post

CM Office, GoUP and 2 others



DGP UP
@dgpup


I felt immense pride in participating in the appointment letter distribution ceremony of the Uttar Pradesh Police Telecom Department. This marks the department's largest recruitment drive to date — a celebration of transparency, merit, and hard work.

Under the leadership of Hon'ble Chief Minister, all recruitment processes in Uttar Pradesh have been conducted with utmost transparency, impartiality, and integrity.

Such merit-driven and transparent recruitment lays the groundwork for a progressive, professional and people-centric police force — one that inspires trust and delivers excellence.

#MeritMatters
#UPPolice #TelecomRecruitment #YouthEmpowerment

CM Office, GoUP and 2 others



UP POLICE
@Uppolice

एनालॉग से डिजिटल तक की निर्णायक यात्रा।
मेहनत, योग्यता और तकनीकी दक्षता का स्वर्णिम संगम।

#UPPolice दूरसंचार विभाग की अब तक की सबसे बड़ी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत 1494 कर्मियों को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान —
एक ऐतिहासिक क्षण, एक प्रौद्योगिकीकृत भविष्य की ओर प्रस्थान।
जोड़े तारों से तार — बनाए UP Police की डिजिटल रीढ़ मज़बूत।

डीजीपी उत्तर प्रदेश श्री राजीव कृष्ण ने नवचयनित अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश पुलिस की 'तकनीकी रीढ़' बताते हुए उनके उज्जवल के लिए शुभकामनाएं दी।

#DigitalUP #TelecomRecruitment #MeritMatters #UPPolice
Translate post

Appointment letter distribution ceremony
UP Telecom Department.
Indira Gandhi Pratishthan, Lucknow
3 august 2025
0:02 / 1:35

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन: श्री सत्य प्रकाश सिंह, महानिरीक्षक/निदेशक, पुलिस दूरसंचार, उ0प्र0
डिज़ाइन सहयोग: श्री अजय कुमार सोनकर, रेडियो उपनिरीक्षक